सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 322 | इंदौर, मंगलवार 04 जून, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. यूपी, राजस्थान और बंगाल में भाजपा को झटका; महाराष्ट्र में कांटे की टक्कर

2. Lok Sabha Election Result: बीजेपी से आगे चल रहीं हेमा मालिनी और कंगना, पीछे चल रहे निर्दलीय प्रत्याशी पवन सिंह

3. Share Market: चौंकाने वाले रुझानों के बीच सेंसेक्स ने 4100 अंकों का गोता लगाया, निफ्टी 1200 अंक टूटा

4. Delhi Election Results : चांदनी चौक सीट पर भाजपा ने बनाई बढ़त, अब सातों सीटों पर BJP प्रत्याशी आगे

5. Chhindwara Election Result : छिंदवाड़ा में विवेक बंटी साहू 60000 वोट से आगे, कांग्रेस के नकुलनाथ पीछे

6. Lok Sabha Polls: इस बार टूट सकेगा 50% वोट का मिथक, सर्वाधिक 49.10% मत का रिकॉर्ड बनाया था कांग्रेस ने 1984 में

7. Bihar Election Result 2024 : बिहार में बदला रुझानों का गणित, एनडीए अब 32 पर आगे, महागठबंधन आठ सीटों पर

# लोकसभा चुनाव

# फिर मोदी, फिर भाजपा...


### इंदौर में नोटा ने तोड़ा रिकार्ड

# 90 हजार से ज्यादा वोट मिले

## भाजपा के शंकर लालवानी की लीड पांच लाख से ज्यादा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में नोटा ने पूरे देश का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यहां सुबह 11.25 बजे तक 90 हजार से ज्यादा वोट मिल चुके हैं। अब तक यह रिकॉर्ड बिहार की गोपालगंज सीट के नाम पर था। वहां 2019 में देश में सबसे ज्यादा 51,600 वोट मिले थे। दूसरे नंबर पर बिहार की ही पश्चिमी चंपारण की सीट रही जहां 45 हजार 637 वोट नोटा को मिले। तीसरे नंबर पर छत्तीसगढ़ के बस्तर सीट रही जहां 41 हजार 667 वोट नोटा में गिरे थे। वहीं पूरे देश में देखा जाए तो एक बार फिर भी भाजपा कीसरकार बनती दिख रही है और फिर भाजपा फिर मोदी वाला नारा बुलंद होता दिखाई दे रहा है।



इधर, सुबह 11.25 बजे तक भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी पांच लाख वोटों से ज्यादा आगे हैं। जबकि को 90 हजार से ज्यादा वोट मिल चुके हैं। तीसरे नंबर पर बसपा प्रत्याशी संजय सोलंकी हैं। उन्हें 18 से ज्यादा वोट मिले हैं। खास बात यह कि इस बार कांग्रेस प्रत्याशी नहीं है। कांग्रेस ने चुनाव में नोटा को वोट देने की अपील की थी।

मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, खरगोन और खंडवा लोकसभा सीट भी शामिल हैं। इन सीटों पर मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच रहा। इंदौर सीट उस समय देशभर में चर्चा का विषय बनी थी, जब कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने नाम वापस लेने की तारीख निकलने के बाद भाजपा का दामन थाम लिया था। इस तरह इस सीट पर कांग्रेस की चुनौती खत्म हो गई थी।

देवास सयाजी गेट पर चुनाव परिणाम देखते हुए लोगों की भीड़ लग रही है। आप को बता दें कि प्रशासन ने यहां एलईडी की व्यवस्था की है। इंदौर देपालपुर में भाजपा आगे है और नोटा आठ हज़ार से ऊपर। इंदौर में नोटा रिकॉर्ड बनाने की तरफ बढ़ रहा है। इंदौर में नोट 83290 पार।

मंदसौर में भाजपा के सुधीर गुप्ता अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के दिलीप सिंह गुर्जर से 60961 वोटों से आगे है। सुधीर गुप्ता कुल मत 110763 वहीं दिलीप सिंह गुर्जर कुल मत 49802

इंदौर में शंकर लालवानी को 12 राउंड के बाद 468503 मत मिले । तीन लाख 88 हज़ार 880 की लीड। प्रदेश सहित देशभर में सबसे बड़ी लीड होगी। नोटा 79623 का भी नया कीर्तिमान बन रहा।

स्वच्छता के मामले में देश में नंबर वन रहने वाले इंदौर ने एक और कीर्तिमान बना दिया है। लोकसभा चुनाव में अब तक सबसे ज्यादा नोटा पर मतों में इंदौर ने यह नया रिकॉर्ड बनाया। अब तक नोटा को 59463 मत मिले हैं। मालूम हो कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बिहार का गोपालगंज 51,660 वोट के साथ नोटा वोट में सबसे अव्वल रहा था।

खरगोन में मतगणना में बड़वाह विधानसभा सीट में तीसरे राउंड में ईवीएम मशीन के बंद और शुरू होने के समय अंतराल को लेकर कांग्रेसियों ने आपत्ति ली।ब्लॉक अध्यक्ष मोहन का कहना है कि टेबल 7 की मशीन 75 पर बंद हुई थी और 99 वोट बता रही है। ब्लॉक अध्यक्ष मोहन ने बताया कि आपत्ति लेने के बाद भी अधिकारियों द्वारा कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# महाराणा प्रताप की अश्वारूढ़ प्रतिमा का अनावरण

## राजपूतों का सबसे बड़ा गहना स्वाभिमान - डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **मातृशक्ति का सदैव सम्मान करें। अगर मातृशक्ति नहीं होती तो आज मेवाड़ में मेवाड़ नहीं होता। धर्म की रक्षा के लिए राजपूतों ने अपने स्व का बलिदान कर दिया। राजपूत का सबसे बड़ा गहना स्वाभिमान है।**

ये विचार महाराणा प्रताप के वंशज डॉ. लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ के हैं, जो उन्होंने कैलोद हाला में महाराणा प्रताप की अश्वारूढ़ प्रतिमा के अनावरण करते हुए मुख्य अतिथि बतौर कही। डॉ. मेवाड़ ने आगे कहा कि यह एक मूर्ति नहीं है, प्रेरणा है। जब भी यहां से निकलें तो महाराणा के गुणों से शिक्षा लें, जिन्होंने घास की रोटी खाना मंजूर किया, लेकिन मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं की। जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने कहा कि अगर राणा प्रताप नहीं होते तो आज सनातन धर्म जिन्दा नहीं होता। आज हिन्दुत्व का यज्ञ है। भारत विश्व गुरु बनके रहेगा। इंदौर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा ने कहा कि महाराणा प्रताप मेवाड़ के सूर्य और हिन्दुओं के लाल हैं। ऐसे हिन्दू गौरव पर हम जितना गर्व करें कम है। विजयसिंह परिहार ने कहा कि इंदौर में महाराणा प्रताप की मूर्ति की स्थापना से पूरा मेवाड़ उतर आया है। अब यह क्षेत्र भी मेवाड़ बन गया है। मालासिंह ठाकुर ने कहा कि स्वभाषा, स्वावलम्बन और समर्पण का नाम महाराणा प्रताप है। इस पर हम जितना गौरव करें उतना कम है।

समारोह के प्रमुख अतिथि प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट थे। समारोह की अध्यक्षता अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी विजय सिंह परिहार ने की। इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में आईडीए के पूर्व अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा, राजपूत समाज के सरंक्षक डॉ. मोहनसिंह सेंगर, आरएसएस के जिला संघ चालक रामनरेश भदोरिया, सर्व ब्राह्मण युवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जोशी, विश्व हिंदू परिषद की प्रान्त उपाध्यक्ष माला ठाकुर, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर शिवप्रतापसिंह चौहान, हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष,जितेंद्रसिंह ठाकुर, राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर अनुराग प्रताप सिंह राघव, आयकर अधिकारी शेरसिंह गिन्नोरे, (संरक्षक राजपूत प्रगति परिषद इंदौर) इंदौर जनपद अध्यक्ष विश्वजीत सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत सदस्य रामेश्वरसिंह चौहान, ग्राम पंचायत कैलोद हाला के सरपंच जितेंद्र सिंह डोडिया उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण सिंह गहलोत ने किया।

# बिजली कंपनी के एमडी श्री तोमर ने किया ग्रामीण क्षेत्र का दौरा

## मौसम के कारण बिजली प्रदाय अवरूद्ध हो तो समय पर सुधारें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक (एमडी) अमित तोमर ने सोमवार को इंदौर ग्रामीण वृत्त के अधीन लिम्बोदा गारी और पालिया का भ्रमण किया। उन्होंने देपालपुर क्षेत्र के लिए आरडीएसएस के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के मंजूर व जारी विद्युत अधोसंरचना कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया और गुणवत्ता-समय पालन को लेकर निर्देश भी दिए। श्री तोमर ने लिम्बोदा गारी में 33/11 केवी के ग्रिड एवं पालिया में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापना कार्य स्थल को भी देखा। दोनों कार्यों से ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता को पहले की तुलना में और अधिक गुणवत्ता के साथ बिजली मिलेगी। प्रबंध निदेशक ने कहा कि यदि मौसम के कारण कहीं बिजली प्रदाय अवरूद्ध होता है, तो जेई, एई, डीई लीड लेकर प्राथमिकता से कम समय में आपूर्ति बहाली के लिए सघनतम प्रयास करें। श्री तोमर के मौजूदा अधिकारियों ने बताया कि अब पहले की तुलना में ज्यादा कर्मचारी लगाए जा रहे है, ऐसे में अगस्त तक ग्रिड से बिजली मिलने लगेगी। उन्होंने इस दौरान परियोजना निदेशक आरडीएसएस एसएल करवाड़िया, अधीक्षण अभियंता सुधीर आचार्य, कार्यपालन अभियंता श्री अभिषेक रंजन, एसटीसी प्रभारी ज्ञानेंद्र गौड़, संबंधित कार्य एजेंसी के पदाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## समीर शर्मा का दुबई में देवी अहिल्याबाई सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर शहर के ख्यात स्टार्टअप मैन और पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में कार्य कर रहे समीर शर्मा को संयुक्त अरब अमीरात में एक गरिमापूर्ण समारोह में इंडियन पीपल फोरम द्वारा 250 इंदौर के भारतीयों कि उपस्थिति के बीच इस वर्ष से प्रारंभ हुए देवी अहिल्याबाई अवार्ड से सम्मानित किया। इस समारोह में चैयरमेन आईपीएफ जीतेन्द्र वैद्य, भारतीय कौन्सेल्ट ब्रिजेन्द्र सिंह ने यह सम्मान कुल 8 महिलाओं और 3 पुरुषों जो कि दुबई में निवासरत हैं उनकी समाज सेवाओं हेतु दिया गया दिया। इंदौर से एकमात्र समीर शर्मा को शहर से इस अवसर पर आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर समीर शर्मा ने सस्टेनेबल लाइफ स्टाइल पर अपना प्रेसेंटेशन दिया। वर्ल्ड एन्वायरमेंट डे पर इंदौर के समीर शर्मा ने 250 लोगो को प्लास्टिक फ्री जीवन के सूत्र दिए। यह कार्यक्रम यूनाइटेड नेशंस एन्वायरमेंट प्रोग्राम का रजिस्टर्ड इवेंट बना। इंदौर का परचम अब स्वच्छता में भी सबसे आगे पूरे युएई में फहराया गया। ज्ञात हो कि युएई सरकार ने 1 जून से दुबई को प्लास्टिक थैली फ्री करने कि घोषणा की है और इन्दोरी कम्युनिटी इसमें सबसे आगे है।

## योग से मातृशक्ति स्वयं को स्वस्थ रखे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। योग संचालक श्रीमती जसवीर कौर सबरवाल और डॉ. सीमा तिवारी ने कहा कि योग संगिनी ग्रुप अवंतिका नगर परशुराम वाटिका जीवन में स्वस्थ और वास्तविक खुशी प्राप्त करने हेतु तत्पर योग संगीनी महिलाये परिवार और समाज की नीव होती है, उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न बनाए रखने के उद्देश्य से योगाभ्यास कराया जाता है। स्कीम नंबर 51 अवंतिका नगर परशुराम वाटिका की योग संचालिका श्रीमती जसवीरकौर सबरवाल और डॉ. सीमा तिवारी द्वारा योग संगिनी समूह की स्थापना की गई। वर्तमान में इस समूह में 70 से अधिक विभिन्न आयु समूह की सदस्या नित्य संध्याकाल से स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए एकत्रित होती हैं। आंतरिक शांति, खुशी, तनावमुक्त, चिंता और जीवन में अनुशासन, शारीरिक, मानसिक रूप से प्रसन्नता के लिए योग अभ्यास करती हैं। इसके अतिरिक्त एरोबिक्स नृत्य खेलकूद एवं विभिन्न पर्व किए जाते हैं।

## अस्पताल के कर्मचारियों को बताए आग पर काबू पाने के तरीके

**इंदौर**। शैल्बी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के फायर ऑफिसर एव इंदौर नगर निगम के सहयोग से एक फायर डेमोंस्ट्रेशन ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। हॉस्पिटल में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य अस्पताल के कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में आपातकालीन प्रक्रियाओं का पालन करने और मरीजों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम में, अग्निशमन विभाग और नगर निगम के अधिकारियों ने अस्पताल के कर्मचारियों को आग लगने का पता लगाने, आग बुझाने के उपकरणों का उपयोग करने और आग से बचाव की योजना बनाने के बारे में जानकारी दी।शैल्बी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल इंदौर के सीएओ डॉ अनुरेश जैन एवं मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ विवेक जोशी के अनुसार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हमारे कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में त्वरित और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने के लिए तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण है।

# गुरूजी की 51वीं पुण्यतिथि पर 51 स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **स्वस्थ मानव से ही सम्प्रद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव है। इसी ध्येय वाक्य के साथ राष्ट्र निर्माण के कार्य को ध्यान में रखते हुए माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर गुरूजी जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक तथा विचारक थे, की 51वीं पुण्यतिथि पर इंदौर में श्रीगुरुजी सेवा न्यास एवं सेवा भारती के सहयोग से एक वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 5 जून 2024 को शहर की विभिन्न सेवा बस्तियों में किया जा रहा है।**

श्रीगुरुजी सेवा न्यास के अध्यक्ष, मुकेश मोड़ में अवगत कराया कि गुरूजी जन्मशताब्दी वर्ष 2006 में श्री गुरूजी सेवा न्यास की स्थापना की गई एवं मार्च 2021 में श्री गुरूजी सेवा न्यास का लोकार्पण किया गया । श्री गुरूजी सेवा न्यास पर आम जनता को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ जिसमे डायलिसिस, फिजियोथेरपी, पैथोलोजी, योग केंद्र, प्रधानमंत्री जन औषधीय केंद्र, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उपचार, ओ.पी.डी. नेत्रालय, मायनर ओ.टी., शिशु टीकाकरण जैसी स्वास्थ्य सेवायें निस्वार्थ न्यास के मेडिकल प्रमुख, डॉ. संजय लोढ़े में मार्गदर्शन में प्रदान की जा रही हैं।

आगे जानकारी देते हुए श्री गुरूजी सेवा न्यास के मंत्री, पुरुषोत्तम गुप्ता ने अवगत कराया कि अभी तक लगभग 12,000 लाभार्थियों को न्यूनतम दर पर डायलिसिस की सेवा दी जा चुकी है साथ ही लगभग 21,000 लाभार्थियों को ओ.पी.डी. सेवा, 12,775 लाभार्थियों को फिजियोथेरपी एवं 430 लाभार्थियों अंधत्व निवारण मिशन के तहत चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान की चुकी हैं। रवि भाटिया, अध्यक्ष, सेवा भारती ने बताया कि सेवा भारती द्वारा शहर की लगभग 500 से अधिक सेवा बस्तियों में सेवा भारती के लाभकारी प्रकल्प संचालित होते है, जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण एक महत्वपूर्ण आयाम है। विभिन्न सेवा बस्तियों में लगातार चिकित्सा प्रकल्प एवं शिविरों में माध्यम से सेवायें प्रदान करती है।

## आरोग्य भारती निकालेगी पर्यावरण संदेश यात्रा कल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । आरोग्य भारती इंदौर महानगर द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी जन्म उत्सव के अवसर पर विश्व पर्यावरण दिवस के परिप्रेक्ष्य में 5 जून को माता अहिल्याबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पर्यावरण संदेश यात्रा निकाली जाएगी। यह संदेश यात्रा राजबाड़ा से गांधी प्रतिमा रीगल चौराहे तक निकाली जायेगी। यात्रा में पर्यावरण रथ के साथ दिव्यांग कलाकर पर्यावरण संरक्षण पर गीता की प्रस्तुति देंगे। यह जानकारी देते हुए पत्रकार वार्ता में आरोग्य मारती इंदौर महानगर के तत्वावधान में 5 जून को पर्यावरण संदेश यात्रा निकाली जाएगी। आरोग्य मारती इंदौर महानगर के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद नीमा, महानगर सचिव डॉ. आशीष तिवारी, योग आयाम प्रमुख वीरसिंह यादव, पर्यावरण आयाम प्रमुख सुभाष श्रीवास्तव, पर्यावरण संदेश यात्रा संयोजक रोशनसिंह चौहान, प्रचार प्रमुख राजेश यादव ने बताया कि आज के दौर में जल संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जागृति, सुरक्षा अत्यावश्यक है।

# जीवन में सफलता के साथ सार्थकता भी होना चाहिए : नवाथे

## संघ शिक्षा वर्ग विशेष का हुआ समापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इदौर। **संघ शिक्षा वर्ग विशेष के समापन अवसर पर प्रान्त कार्यवाह विनीत नवाथे ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए दीक्षांत समारोह में कहा कि जीवन में सफलता के साथ सार्थकता भी होना चाहिए। अभी हमको समाज में छुआछूत को खत्म करना होगा। हम जैसा राष्ट्र, जैसा समाज बनाना चाहते है, वह केवल हिंदु जीवन पद्धति से ही हो सकता है। इसलिए कहा है कि हिंदु जागे तो विश्व जागेगा। समाज की उत्सुक शक्ति,सज्जन शक्ति, सुप्त शक्ति को समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करने के लिए काम में लगाना होगा। हम शिक्षित हो गए है, जो भी सीखा है, वह हिंदु समाज को देना है। सफल जीवन-सार्थक जीवन।**

संघ शिक्षा वर्ग विशेष(मालवा प्रांत) में 224 स्वयंसेवक, 171 स्थानों से आने के बाद से ही पिछले 15 दिनों से तपस्यारत थे, इस वर्ग में प्रशिक्षण देने के लिए 20 शिक्षक एवं 5 पालक कार्यकर्ता पूरे दिन वर्ग में रहे, वर्ग व्यवस्था हेतु संचालन टोली बनाई गई, वर्ग व्यवस्था में 18 कार्यविभाग बनाकर उनकी टोलियाँ बनाई, जिसमे 58 कार्यकतार्ओं ने वर्ग स्थल पर रहकर सभी प्रकार की व्यवस्था बनायी। वर्ग में विशेष बात है कि प्रतिदिन समाज से सुबह-शाम 3600 रोटियाँ 360 परिवारों से नगर की मातृशक्ति द्वारा एकत्र करके कार्यकतार्ओं के माध्यम से वर्ग स्थल पर पहुँचायी गई।

# नाईट-कल्चर को लेकर गोलू शुक्ला ने लिखा सीएम को पत्र

## सीएम ने तत्काल एक्शन लेते हुए कलेक्टर आशीष सिंह को दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विधायक गोलू शुक्ला ने मुख्यमंत्री यादव को एक पत्र लिखकर इंदौर में बढ़ते पब कल्चर नशाखोरी और उसके कारण बढ़ रहे अपराध को लेकर चिंता जाहिर करते हुए एक पत्र लिखा जिसमे उन्होंने इंदौर के गौरव शाली इतिहास और संस्कृति का हवाला देते हुए लिखा कि पब कल्चर नाइट कल्चर के बढ़ते प्रभाव से शहर का माहोल खराब हो रहा है और युवा पीढ़ी भ्रमित हो रही है।**



साथ ही शांति प्रिय शहर की जनता के मन में भय का माहोल उत्तपन्न हो रहा है। सीएम को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि पिछले कुछ वर्षो से नाइट कल्चर, के चलते इंदौर में बार और पब, काफी संख्या में खुले हैं, जहां युवा वर्ग का आवागमन बढ़ा है और वे नशे का शिकार हो रहे हैं। इन बार और पबों के कारण विवाद, छेड़खानी और लूटपाट की घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है। चूंकि, हमारा इंदौर इस नाइट कल्चर, का अभ्यस्त नहीं है। इंदौर का नागरिक वर्षो से सराफा में पूरी रात खाने-खिलाने का आनंद उठा रहा है, किंतु कोई आपराधिक घटना नहीं हुई। जबकि, इस पब कल्चर, के कारण इंदौर शहर की छवि धूमिल होती जा रही है और अपराध की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। विधायक शुक्ला के आग्रह को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लेते हुए इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह को इस संबंध में निर्देशित किया। विधायक शुक्ला ने यह पत्र स्वयं एयरपोर्ट जाकर मुख्यमंत्री को सौंपा। इस अवसर पर विधायक रमेश मेंदोला भी उनके साथ उपस्थित रहे।

# पशु पक्षियों की रक्षा के लिए युवाओं ने की अपील, मांसाहार के नुकसान बताए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मेघदूत गार्डन पर 14 वां राष्ट्रीय पशु अधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के आयोजक हर्ष मेहता ने बताया इंदौर शहर के जागरूक पशु प्रेमियों ने गीत, भाषण, तथा कविताओं के माध्यम से उन सभी जीवों को श्रद्धांजलि दी जो पिछले एक साल में मानव स्वार्थ के लिए मारे गए हैं। यह कार्यक्रम इंदौर शहर के साथ ही दुनिया भर में 170 से ज्यादा शहरों में मनाया गया। भारत में यह कार्यक्रम दिल्ली, मुंबई, जयपुर, गोवा, अहमदाबाद, पुणे, रायपुर, बेंगलुरु तथा 25 अन्य शहरों में भी मनाया गया।



**जागरूक किया-** राष्ट्रीय पशु अधिकार दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में पशुओं के प्रति करुणा भाव जगाना है। लोगों को इस बात से अवगत कराया जा रहा है कि पशु मांस सेवन करने से पर्यावरण को सबसे अधिक हानि होती है। डेरी तथा मांस उद्योग वातावरण परिवर्तन के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार है। आज के समय में भारत देश में 80% लोग non-vegetarian हैं जो कि बढ़ती हुई गर्मी, स्वास्थ्य, तथा हृदय रोग की समस्याओं का मुख्य कारण है। मुख्य अतिथि डॉ. राम आरके ने शहर में हो रही लाखों पेड़ों की कटाई के खिलाफ जनता को आवाज उठाने की अपील की।

**बड़ी संख्या में युवा पहुंचे-** कार्यक्रम में इंदौर वैगन कम्युनिटी के सदस्य शामिल हुए। इनमें पशु प्रेमी दीपाली मेहता, नम्रता जैन, सौरव, जिनेश जैन, प्रतीक जैन, आशीष जैन, दीक्षांत देवड़ा, अजय, दुर्गा बालानी, सिद्धार्थ दफ़ारिया, निशा वर्मा, हर्ष मेहता, अर्चना गुप्ता, अंशुमान सराफ, शिशिर तिवारी, गुलशन, सुरेश व्यास, खुशबू बालानी, मधु बालानी, राहुल, कैथवास, रुपाली जैन, जया वर्मा, ट्वीशा वलेचा, आकांक्षा व्यास, निखिल व्यास ,सिद्धार्थ पांडे, उज्जवल स्वामी, शुशोभित एवं अन्य ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान पशुओं तथा कृषि से जुड़े कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य बताए गए।

# बगैर अनुमति के सभा, धरना, प्रदर्शन, रैली, जुलूस आदि आयोजित नहीं की जा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले में जन सुरक्षा, लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144(1) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार बगैर अनुमति के प्रदर्शन, धरना, रैली, जुलूस आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। साथ ही ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग की अनुमति भी लेना होगी। आदेश में कहा गया है कि विभिन्न मुद्दों को लेकर विभिन्न संगठनों के प्रदर्शन, धरना, रैली, जुलूस आदि सक्षम अधिकारी से पूर्वानुमति बिना आयोजित नहीं किया जाये। ध्वनि विस्तार यंत्रों का प्रयोग निहित शर्तों के अधीन सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना नहीं किया जाये। रैली, जुलूस आदि में किसी प्रकार के अस्त्र, शस्त्र धारण करना और प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा। बिना अनुमति पांडाल आदि निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक संसाधन जैसे मोबाइल, कंप्यूटर, पोस्टर एवं अन्य सोशल मीडिया आदि पर विधि विरुद्ध संदेश के प्रसारण अग्रेषण, साम्प्रदायिक टिप्पणी, 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों को एक स्थान पर एक समय में एकत्रित होने पर प्रतिबन्ध रहेगा।जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार के धारदार या अन्य हथियार, आग्नेय शस्त्र, हॉकी, डण्डा, रॉड इत्यादि लेकर नहीं चलेगा अथवा दुरूपयोग नहीं करेगा और ना ही प्रदर्शन करेगा। किसी भी प्रकार के उत्सव व समारोह में हवाई फायर वर्जित रहेंगे। कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था आदि, सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना किसी भी स्थान पर सभा, धरना प्रदर्शन, जुलूस, वाहन/साधारण रैली आदि का आयोजन नहीं करेंगे। शासकीय/अशासकीय स्कूल मैदान/भवन, शासकीय कार्यालय के परिसर पर किसी भी प्रकार की राजनैतिक गतिविधि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। कोई व्यक्ति संस्था, समूह या अन्य या डी.जे. अथवा बैण्ड का संचालक सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना इनका उपयोग नहीं करेगा।

## शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय मोरोद में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय मोरोद इन्दौर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस विद्यालय में रिक्त सीटों पर कक्षा कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं तथा कक्षा 11वीं में प्रवेश दिया जायेगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 जून 2024 के शाम 5 बजे तक रहेगी। प्रवेश के लिए आवेदन पत्र विद्यालय से कार्यालय दिवस में उपस्थित होकर प्राप्त किये जा सकते है। आवेदन पत्र 21 जून 2024 शाम 5 बजे तक लिये जायेंगे। प्रवेश हेतु पूर्व कक्षा में 60 प्रतिशत या बी ग्रेड उत्तीर्ण होना अनिवार्य अर्हता है। कक्षा 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में विद्यार्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जायेगा। कक्षा 11 वीं में प्रवेश कक्षा 10वीं के प्राप्तांको की मेरिट के आधार होगी। यह विद्यालय आवासीय होने के साथ सी.बी.एस.ई. बोर्ड द्वारा हिन्दी माध्यम में संचालित है। शासन द्वारा अनुसूचित जाति हेतु 90 प्रतिशत तथा सामान्य, अन्य पिछडा वर्ग एवं अनुसूचित जनजाति हेतु कुल 10 प्रतिशत सीटें निर्धारित है। जिसमें सामान्य, अन्य पिछडा वर्ग, अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु गरीबी रेखा (बी. पी.एल) की पात्रता अनिवार्य है। वर्गवार रिक्त सीटों की संख्या में कमी या वृद्धि हो सकती है। प्रवेश परीक्षा शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय मोरोद खण्डवा रोड चमेलीदेवी कालेज के सामने इन्दौर में 24 जून 2024 को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जायेगी।



## क्रिकेटर वेंकटेश ने बैडमिंटन खिलाड़ी श्रुति से की शादी

**इंदौर।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर वेंकटेश अय्यर कोयंबटूर में श्रुति रघुनाथन के साथ विवाह बंधन में बंध गए हैं। इंदौर के रहने वाले वेंकटेश और श्रुति के परिवार और मित्र इस कार्यक्रम में शामिल हुए। जानकारी के मुताबिक पिछले वर्ष नवंबर में ही दोनों ने सगाई कर ली थी। वेंकटेश आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम थे। जानकारी के मुताबिक पहली बार दोनों एक कामन फ्रेंड के जरिए मिले थे। फिर श्रुति और वेंकटेश दोनों के बीच नजदीकी बढ़ी और अब ये शादी के बंधन में बंध गए। श्रुति रघुनाथन ने बीकॉम की पढ़ाई के बाद फैशन मैनेजमेंट में मास्टर्स की डिग्री ली है। इसके साथ उन्होंने लैंडमार्क बैडमिंटन लीग 2022 में हुए वूमन डबल्स

## इस्कॉन मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण कर पांच हजार पौधे रोपे जाएंगे– मंत्री सिलावट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** निपानिया स्थित इस्कॉन मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण की वृहद योजना बनाकर राज्य शासन एवं नगर निगम के सहयोग से काम किया जाएगा। मंदिर परिसर स्थित तालाब एवं आसपास के क्षेत्र में वर्षाकाल में 5 हजार पौधे रोपे जाएंगे। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने सोमवार को इस्कॉन मंदिर परिसर में मंदिर के चेयरमैन स्वामी महामनदास दास के सान्निध्य एवं समाजसेवी प्रेमचंद गोयल के आतिथ्य में पौधरोपण करते हुए यह घोषणा की। मंदिर से जुड़े हरि अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर स्वामी महामनदास, सिलावट एवं गोयल ने भक्तों को वर्षाकाल में मंदिर आकर पौधे रोपने की शपथ दिलाई। मंत्री सिलावट ने कहा कि राज्य में भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य शासन द्वारा जल संकट दूर करने एवं पर्यावरण को सहेजने के उद्देश्य से इस्कॉन जैसे प्रतिष्ठित धर्मस्थलों के सहयोग से वृहद योजना बनाई जा रही है। इस मौके पर शैलेंद्र मित्तल, गिरधर गोपाल प्रभु भी मौजूद थे। अतिथियों का स्वागत हरि अग्रवाल, पीडी अग्रवाल कांट्रेक्टर, विनोद सिंघानिया, अशोक गोयल आदि ने किया। संचालन हरि अग्रवाल ने किया। अदिरण प्रभु ने आभार माना।

# रिटायर्ड निगमकर्मी की पीट-पीटकर हत्या

## बेहोश होने तक की मारपीट, पोते ने भागकर बचाई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल नगर निगम के 65 साल के रिटायर्ड कर्मचारी की युवकों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। वे अपने बेटे और पोते के साथ सीहोर के श्यामपुर इलाके के गांव मूंछखेड़ा में अपने खेत पर गए थे। वहां नशा कर रहे युवकों को जाने के लिए कहा तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। वे लाठी-डंडों से बुजुर्ग को बेहोश होने तक पीटते रहे। उनके बेटे को भी गंभीर चोटें आई हैं। जबकि 12 साल के पोते ने 2 किलोमीटर दौड़कर अपनी जान बचाई। घटना रविवार शाम की है। सोमवार सुबह बुजुर्ग की मौत हो गई। घायल बेटे अस्पताल में भर्ती है। सीहोर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।**

रिश्तेदार दीपक सिंह मालवीय ने बताया- चार साल पहले पर्वत सिंह (65) भोपाल नगर निगम से रिटायर हुए हैं। वे भोपाल के करोंद इलाके में परिवार के साथ रहते हैं। रविवार दोपहर बाद वे बेटे राकेश (41) और पोते आयुष (12) के साथ सीहोर के मूंछखेड़ा गांव में स्थित अपने खेत पर गए थे। दिन भर काम किया। शाम को उन्हें खेत में 4-5 युवक नशा करते दिखाई दिए। उन्हें जाने का कहा तो वे विवाद करने लगे।

कहासुनी होती देख दूर काम कर रहे बेटा राकेश और पोता आयुष पास आए। युवकों को खेत से बाहर चले जाने के लिए कहा। इस पर युवक बहस करते हुए वहां से निकल गए। लेकिन, कुछ देर बाद फिर लाठी और डंडों से लैस होकर दोबारा पहुंच गए। आते ही उन्होंने पर्वत सिंह और राकेश को पीटना शुरू कर दिया। पर्वत सिंह बेहोश होकर जमीन पर गिर गए।

### मासूम ने 2 किलोमीटर दौड़कर बचाई जान

पिता और दादा को पीटने के बाद हमलावर युवक, पोते आयुष की ओर दौड़े। लेकिन, आयुष ने दौड़ लगा दी। वह करीब 2 किलोमीटर तक लगातार भागता रहा। इस बीच आयुष ने पिता राकेश के फोन से अपने रिश्तेदार दीपक सिंह मालवीय को घटना की सूचना दी। खबर मिलते ही दीपक सिंह मालवीय भोपाल से कुछ साथी और रिश्तेदारों को लेकर श्यामपुर के मूछखेड़ा गांव पहुंचे।

यहां आयुष को लेकर खेत पर पहुंचे। वहां से देखा पर्वत सिंह और राकेश जमीन पर पड़े हैं। उन्हें तुरंत भोपाल लाकर हमीदिया अस्पताल ले गए। यहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह 9 बजे पर्वत सिंह की मौत हो गई। जबकि राकेश के सिर में 7 टांके आए हैं।

# अफेयर के शक में शादीशुदा गर्लफ्रेंड की हत्या

## ❒ बंगले में गला घोंटा, रतलाम से 40 किलोमीटर दूर नदी में फेंका शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम। रतलाम में कई लोगों से अफेयर के शक में शादीशुदा महिला की उसके प्रेमी ने गला घोंटकर हत्या की। शव 40 किलोमीटर दूर झाबुआ जिले में माही नदी में फेंक आया। जिस बंगले में हत्या की, उसका चौकीदार भी इस हत्याकांड में आरोपी है। पुलिस ने सोमवार को दोनों को गिरफ्तार कर लिया।**

रतलाम शहर की रहने वाली 39 साल की महिला का शव 25 मई को मिला था। हत्या 23 मई को की गई। शिनाख्त 28 मई को हो सकी थी। घटना का खुलासा करते हुए एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया कि मुख्य आरोपी संतोष राव (39) निवासी हाकिमवाड़ा (रतलाम) है। महिला के साथ उसके पिछले एक साल से अवैध संबंध थे। वह उससे प्यार करने लगा था। दूसरा आरोपी शहर के लोकेंद्र भवन मार्ग रोड पर मुफद्दल विला बंगले का चौकीदार सलमान (32) है। संतोष लोडिंग ऑटो चलाता था, सलमान से उसकी दोस्ती है।

### शक था किसी और से रिलेशन बनाकर मिलने आई

एसपी के मुताबिक, महिला 23 मई की शाम 4 बजे घर से बाजार जाने का कहकर स्कूटी से निकली थी। देर रात तक नहीं लौटी तो परिवार ने औद्योगिक क्षेत्र थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक किए। वह संतोष के साथ नजर आई। संतोष को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो सारा सच सामने आ गया। उसने बताया कि 23 मई की शाम 7 बजे वह महिला को बंगले लेकर पहुंचा था। इससे पहले वहां के चौकीदार को जानकारी दे दी थी। संतोष को शक था कि महिला ने उससे मिलने आने से पहले किसी और से मुलाकात की, उसके साथ रिलेशन बनाए। बंगले में इसी बात पर दोनों में विवाद हुआ। संतोष ने महिला का गला घोंट दिया। संतोष और सलमान ने यह सोचकर कि महिला बेहोश हो गई है, उसके चेहरे पर पानी छिड़का। आधे घंटे बाद महिला का शरीर ठंडा पड़ गया।

### लोडिंग ऑटो से ठिकाने लगाया शव

जब कन्फर्म हो गया कि महिला की मौत हो चुकी है, संतोष लोडिंग ऑटो लेकर बंगले के अंदर आया। बंगले में लोडिंग खड़ी की, इसके बाद दोनों आरोपी महिला की स्कूटी से खाचरौद (उज्जैन) पहुंचे। रास्ते में स्कूटी की नंबर प्लेट निकालकर फेंक दी। महिला का मोबाइल भी तोड़कर रास्ते में फेंक दिया। स्कूटी खाचरौद के उज्जैन गेट पर खड़ी कर बंगले लौट आए। महिला के शव को पुस्टे में टैप लगाकर पैक किया, लोडिंग में डालकर माही नदी में फेंक आए। इस वक्त रात के 12.30 बज चुके थे।

### दो दिन बाद नदी किनारे मिला था शव

घटना के दो दिन बाद नदी के किनारे शव की सूचना लोगों ने करवड़ पुलिस थाना (जिला झाबुआ) में दी। महिला के शव पर मिली साड़ी और हाथ पर गुदे नाम से पहचान हुई। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि महिला घर-घर खाना बनाने का काम करती थी। एक साल पहले उससे उसकी पहचान हुई। मुफद्दल विला बोहरा समाज के एक व्यक्ति का है। वह विदेश में रहते हैं। बंगले की देखभाल सलमान करता है।

# 100 से ज्यादा लोगों में पथराव, गाड़ियां जलाई

## दो पक्षों में कहासुनी हुई, फिर 4 घंटे तक चला उपद्रव; 8 थानों का फोर्स बुलाना पड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर**। जबलपुर में दो लड़कों के बीच हुई कहासुनी के बाद 100 से ज्यादा लोग आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में पथराव हुआ। दो - तीन गाड़ियों को आग लगा दी गई। एक बाइक पूरी तरह जल गई। मामला रविवार देर रात 12 बजे का ओमती थाना इलाके का है।

हालात ज्यादा बिगड़ने पर खुद एसपी आदित्य प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। 8 थानों से पुलिस फोर्स को बुलाना पड़ा। सोमवार सुबह 4 बजे तक हालात पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। एहतियातन सुबह 6 बजे तक पुलिस बल तैनात रहा है। पथराव में कुछ लोगों को चोट आई है, दो को प्राथमिक इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। एक पुलिसकर्मी के घायल होने की भी खबर है। पुलिस के मुताबिक, उपद्रव के दौरान प्राथमिकता भीड़ को तितर-बितर करने की थी। अब वीडियो के आधार पर उपद्रवियों को तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

**लोग घरों के अंदर भागे, पुलिस पर भी पथराव**– रविवार रात उड़िया मोहल्ले के लड़के छोटी ओमती के पास घूम रहे थे। यहां सोनकर मोहल्ले के लड़के भी टहल रहे थे। किसी बात पर दोनों पक्षों के लड़कों के बीच कहासुनी के बाद हाथापाई हो गई। इसका पता लगते ही दोनों मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। दोनों ओर से पत्थर चलने लगे। मोहल्ले के लोग घबराकर अपने घरों में भागे। पथराव में कई गाड़ियों के शीशे - हैडलाइट्स भी टूट गईं। ओमती थाने से पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उपद्रवियों की संख्या बहुत ज्यादा थी। इसके बाद आसपास के थानों से भी पुलिस को बलाया गया। पुलिस पर भी पथराव किया गया। बाद में पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर सभी को खदेड़ा।

### सीसीटीवी कैमरे चेक किए जाएंगे

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर पथराव करने वालों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हालात अब सामान्य हैं।

# कार पलटी, 4 लोगों की मौत, जन्मदिन मनाने रीवा के लिए निकले थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना**। सतना में नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार सवार 5 लोगों में से 4 की मौत हो गई। एक युवक गंभीर घायल है। ये लोग जन्मदिन मनाने के लिए निकले थे। उन्हें रीवा जाना था। रामपुर बघेलान के पास हादसा हो गया। घटना मनकहरी ओवरब्रिज की है। एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, तीन लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ा। हादसे में घायल युवक का नाम किशन जोशी है। उसका रविवार को जन्मदिन भी था। उसे सतना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को निकाला

हादसे की सूचना मिलते ही रामपुर बाघेलान थाना प्रभारी उमेश प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों की मदद से कार मे फंसे लोगों को बाहर निकलवाया। मृतकों की पहचान शिवा पांडे पिता श्याम सुंदर (26) निवासी पुष्पराज कॉलोनी, नितिन पांडे (32) निवासी पन्नीलाल चौक सतना, शिबू पांडे (35) निवासी सर्किट हाउस व दयानंद स्कूल के सामने साइकिल की दुकान चलाने वाले शानू खान के रूप में हुई है।

# दिल्ली के श्रद्धालुओं की कार खड़े ट्रक में घुसी,11 घायल

## महिला की हालत गंभीर, ओंकारेश्वर से लौटे थे उज्जैन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। उज्जैन में दिल्ली के श्रद्धालुओं की कार, खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में 10 श्रद्धालु और ड्राइवर घायल हुआ है। घायलों में बच्चे भी शामिल हैं, एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना रविवार - सोमवार की दरमियानी रात 2.30 बजे की है। हादसा शहर के नानाखेड़ा क्षेत्र में महामृत्युंजय द्वार चौराहे पर हुआ। अंसारी मार्ग, दरियाई गंज (दिल्ली) निवासी पूनम चौधरी (35), रूपेश चौधरी (45), राजिव गुप्ता (45), सुनीता गुप्ता (40), कनक (10), अन्वीक्षा (8), कबीर (8), लव प्रीत (20), निष्ठा (10), मोहित (20) और ड्राइवर आशीष (29) घायल हो गए। घायलों को उज्जैन जिला में भर्ती कराया गया। डॉ. अभिषेक ने बताया कि पूनम पति रूपेश चौधरी की हालत गंभीर है। बाकी की स्थिति सामान्य है।

### ओंकारेश्वर से लौटे थे उज्जैन

थाना नानखेड़ा के एएसआई विक्रम पटेल ने बताया कि दिल्ली के रहने वाले श्रद्धालु महाकाल मंदिर दर्शन कर बम बम भोला ट्रैवल्स से टैक्सी हायर कर (टढ13 उए 3603) से ओंकारेश्वर गए थे। देर रात को दर्शन कर उज्जैन लौटे थे। होटल पहुंचने से महज 2 किमी पहले हादसा हो गया। सम्भवतः ड्राइवर को नींद की झपकी आने के चलते हादसा हुआ है।

# पुलिस की धरपकड़-हाथ से बनी 3 पिस्टल, एक बाइक जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर**। जिले में अवैध हथियार तस्करी का कारोबार थम नहीं रहा है। पुलिस लगातार धरपकड़ की कार्रवाई कर रही है, लेकिन फिर भी खकनार क्षेत्र में अवैध हथियार तस्कर सक्रिय हैं। अब पुलिस ने दो आरोपियों को हाथ बनी 3 अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है।

दरअसल एसपी देवेंद्र कुमार पाटीदार ने सभी थाना प्रभारियों को अवैध हथियार निर्माण, खरीदी बिक्री पर नजर रखने, सख्त कार्रवाई करने की हिदायत दी है। इसके तहत खकनार पुलिस को सफलता मिली है। मातापुर बाजार फाटा ग्राम डोईफोड़िया में चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को बिना नंबर की काले रंग की बाइक से आते हुए पकड़कर हथियार जब्त किए।

पूछताछ के दौरान आरोपी घबराने लगे जिससे पुलिस को उन पर शंका हो गई। चेकिंग की गई तो अवैध हथियार मिले। जब हथियार और बाइक की कुल कीमत 1 लाख रूपए है।

### महाराष्ट्र के रहने वाले हैं दोनों आरोपी

पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा। दोनों महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। आरोपी मांगीलाल पिता भूवान सिंग चौंगड़ 24 निवासी ग्राम बसाली थाना सोनाला महाराष्ट्र , इमरान पिता लतीफ 29 निवासी पातोडा थाना संग्रामपुर जिला बुलढाणा महाराष्ट्र के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया। कार्रवाई में खकनार थाना प्रभारी विनय आर्य, सउनि अमित हनोतिया, आरक्षक शादाब अली, शुभम पटेल, गोलु खान, चालक संदीप का योगदान रहा।

## संपादकीय


### गंभीर नजर नहीं

हर वर्ष गर्मी में तापमान कुछ बढ़ा हुआ दर्ज हो रहा है। लू के थपेड़ों से लोगों की जान चली जाती है। पिछले वर्ष एक ही दिन में अकेले बलिया में करीब डेढ़ सौ लोगों की जान चली गई थी। दुनिया भर के मौसम वैज्ञानिक जलवायु परिवर्तन के चलते बढ़ते वैश्विक ताप को लेकर चिंतित हैं। मगर इसे लेकर खुद सरकारें और उनके तंत्र कुछ गंभीर नजर नहीं आते। इसी का नतीजा है कि उत्तर प्रदेश और बिहार में मतदान के आखिरी चरण में लू लगने और बुखार की वजह से फिलहाल करीब पच्चीस लोगों के जान गंवा देने के आंकड़े आए हैं। इसके अलावा पिछले चार दिनों में सात राज्यों से करीब साढ़े तीन सौ लोगों के मरने के आंकड़े मिल रहे हैं। दो साल पहले ऐसी ही जानलेवा गर्मी के मौसम और कोरोना संक्रमण के समय उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव कराए गए थे, जिसमें सौ से अधिक सरकारी स्कूलों के अध्यापकों के चुनाव तैनाती के दौरान बीमार होकर मरने के आंकड़े आए थे। तब उत्तर प्रदेश अध्यापक संघ ने खासा विरोध दर्ज कराया और मुआवजे को लेकर सरकार पर काफी दबाव बनाया था। अब आम चुनाव के दौरान तैनात कर्मचारियों के मरने की खबरें आई हैं। स्वाभाविक ही तेज गर्मी में तैनात कर्मचारियों के मरने को लेकर निर्वाचन आयोग की आलोचना हो रही है। मरने वाले कर्मचारियों में अधिकतर छोटी श्रेणी के हैं, जिन्हें लगभग पूरे समय धूप में ही खड़े रहना पड़ा होगा। इनके अलावा, उन हजारों सुरक्षाबलों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है, जिन्हें चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़े सहते हुए अपने कर्तव्य का निर्वाह करना पड़ा। मतदान की प्रक्रिया समाप्त हो गई, मगर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि आखिर निर्वाचन आयोग ने क्या सोच कर चुनाव को इतना लंबा खींचा और ऐसे मौसम में मतदान की तारीखें रखीं, जब पूरा उत्तर भारत लू में झुलस रहा होता है। ऐसा नहीं माना जा सकता कि निर्वाचन आयोग मई और जून के महीनों में चलने वाली गर्म हवाओं से अपरिचित रहा होगा। जब वह सुरक्षा उपायों का गंभीरता से अध्ययन कर सकता है, सुरक्षाबलों की तैनाती को लेकर इतना सतर्क हो सकता है, तो उसने मौसम विभाग के साथ बैठ कर गर्मी के चलते पैदा होने वाली दिक्कतों के बारे में जानकारी हासिल करने का प्रयास क्यों नहीं किया। कई लोगों का मानना है कि तेज गर्मी की वजह से बहुत सारे लोग मतदान के लिए घरों से बाहर नहीं निकले, जिससे कई जगहों पर मतदान काफी कम हुआ। मतदान कराने का मतलब केवल यह नहीं होता कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाए और मतदाताओं की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। इस प्रक्रिया को संपन्न कराने वालों की सेहत और सुविधाओं का भी ध्यान रखना जरूरी होता है। निर्वाचन आयोग इस बात से बेखबर नहीं माना जा सकता कि गर्मी और लू के कारण लोगों का पाचन तंत्र खराब हो जाता है, जिन लोगों को दिल, गुर्दे वगैरह की समस्या है, उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ता है। जिन सरकारी कर्मचारियों को चुनाव केंद्रों पर तैनात किया गया, उनमें से अनेक लोग इस तरह की समस्याओं से पहले से जूझ रहे होंगे। आखिर उनकी सेहत का ध्यान रखने की जिम्मेदारी किस पर होगी। अब लू लगने से मरने वालों को मुआवजे की घोषणा की जा रही है, मगर इससे सरकारी तंत्र की लापरवाहियों पर पर्दा नहीं पड़ जाता।

**अर्ज किया है..!**

*दिल आबाद कहाँ रह पाए*
*उस की याद भुला देने से*
*कमरा वीराँ हो जाता है*
*इक तस्वीर हटा देने से*

-जलील 'आली'



**जीवन कोई दौड़ नहीं, यह एक अद्भुत घटना है**

– जग्गी वासुदेव

**Health is Wealth**

# बच्चों को रखना है मोटे चश्मे से दूर तो रोजाना करवाएं ये 2 योगासन

**ये है करने का सही तरीका**



टीवी पर घंटों कार्टून देखने से लेकर मोबाइल पर गेम खेलने तक, आजकल ज्यादातर बच्चों का स्क्रीन टाइम बहुत ज्यादा बढ़ गया है। जरूरत से ज्यादा मोबाइल और टीवी देखने की वजह से आंखों का लाल होना,दर्द,खुजली और ड्राईनेस जैसी समस्याएं बच्चों के बीच आम समस्याएं बनकर उभर रही हैं। रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित करने वाली बच्चों की ये परेशानी पेरेंट्स के लिए भी चिंता का सबब बनती जा रही हैं। उन्हें लगातार अपने बच्चों को छोटी उम्र में चश्मा लगने का डर सताने लगा है। अगर आपको भी यही डर लगा रहता है तो उसके रूटिन में ये दो योगासन जरूर शामिल करें।

### पश्चिमोत्तानासन

घंटों टीवी, लैपटॉप और फोन की स्क्रीन पर आंखें लगाए रहने से बच्चों की आंखों पर स्ट्रेन बढ़ सकता है। ऐसे में आंखों पर पड़ने वाले इस तनाव को दूर करने के लिए पश्चिमोत्तानासन आपके बच्चे की मदद कर सकता है। पश्चिमोत्तानासन करने के लिए सबसे पहले जमीन पर पैर सीधे करके बैठ जाएं। इसके बाद गहरी सांस लेते हुए अपने हाथों को सीधा करके आगे की ओर बिना घुटनों को मोड़े झुके। ऐसा करते हुए कोशिश करें कि, अपने हाथों से पैरों के अंगूठों को छूने की कोशिश करें और अपनी नाक से घुटने छूने का प्रयास करें।

### अधोमुख स्वानासन

अधोमुख स्वानासन करने से सिर का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होने के साथ आंखों तक सही मात्रा में ऑक्सीजन पहुंचता है। जिससे बच्चे को तनाव कम महसूस होता है। इस आसन को करने के लिए अपने पैरों को फैलाकर खड़े हो जाएं। अब आगे की तरफ वी आकार बनाकर झुकें और अपने हाथों की हथेलियों को जमीन पर रखें। इस दौरान कोशिश करें कि आपकी रीढ़ की हड्डी बिल्कुल सीधी रखें।

Chhattisgarh

# सुकमा में 17 लाख के इनामी 5 नक्सलियों ने किया सरेंडर, CM ने दी ये प्रतिक्रिया

**सुकमा, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के सुकमा में सोमवार को पांच नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया. इनमें एक दंपति भी शामिल है. इन पर कुल 17 लाख रुपये का इनाम था. पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्होंने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया. उन्होंने कहा कि वे अमानवीय और खोखली माओवादी विचारधारा से निराश हैं. वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट उनका स्वागत किया है.

सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले पांचों नक्सलियों की पहचान मड़कम पांडू, उसकी पत्नी रावा भीमे, ताती/मड़कम मासा, कोमराम दुला और मुका सोढ़ी उर्फ शेखर



के रूप में हुई है. पांडू पर 8 लाख रुपये का इनाम था. वह पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (PLGA) बटालियन नंबर 1 सप्लाई टीम का डिप्टी कमांडर और पीपुल्स पार्टी कमेटी मेंबर (PPCM) भी था.

एसपी ने आगे बताया कि उसकी पत्नी भीमे प्रतिबंधित नक्सली संगठन की पीएलजीए सदस्य थी, जिस पर एक लाख रुपये का इनाम था. चव्हाण ने बताया कि मासा पामेड़ एरिया कमेटी सदस्य/एरिया मेडिकल टीम प्रभारी/एरिया कमेटी सदस्य (ACM) था, जिस पर 5 लाख रुपये का इनाम था. प्लाटून नंबर 10 'B' के सेक्शन कमांडर दुला पर 2 लाख रुपये का इनाम था.

शेखर पर 1 लाख रुपये का इनाम था और वह साउथ सब-जोनल ब्यूरो प्रेस टीम/पार्टी का सदस्य था. उन्होंने बताया कि पांचों लोग कई हिंसक घटनाओं में शामिल थे.

New Delhi

## मामूली बात पर हुआ विवाद, बेटे ने चाकू घोंपकर पिता को मार डाला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** नार्थ ईस्ट डिस्ट्रिक के नंद नगरी इलाके से हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है. जहां एक 35 साल के युवक ने मामूली बात पर पिता की हत्या कर दी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है. बताया जा रहा है कि सुबह किचन में पिता और पुत्र के बीच मामूली बात पर विवाद हुआ था. जिसके बाद आरोपी वेदप्रकाश ने सब्जी काटने वाले चाकू से हमला कर बुजुर्ग को घायल कर दिया. इसके बाद आरोपी वेद प्रकाश अपने पिता को लेकर अस्पताल पहुंचा. लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी. इस घटना के सामने आने बाद परिवार में मातम पसर गया.



Jharkhand

# कुएं में डूबने से 32 जंगली बंदरों की मौत

**पलामू, (एजेंसी)** झारखंड के पलामू जिले में भीषण गर्मी के बीच एक सिंचाई कुएं से पानी पीने की कोशिश में 32 जंगली बंदरों की उसमें डूबने से मौत हो गई। एक वन अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

यह घटना पनकी ब्लॉक के सोरठ गांव में हुई और बंदरों के शव रविवार को मिले, लेकिन अधिकारियों को अब तक घटना की सही तारीख का पता नहीं चल पाया है। मेदिनीनगर प्रमंडल वन पदाधिकारी (डीएफओ) कुमार आशीष ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, "सोरठ में एक सिंचाई कुएं में कुल 32 जंगली बंदर मृत मिले हैं... शवों को बाहर निकाला गया है।"पूरा क्षेत्र भीषण गर्मी की चपेट में है



और तापमान 44-45 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। आशीष ने कहा, " इलाके में पानी के स्रोत लगभग सूख चुके हैं... जंगली जानवर अपनी प्यास बुझाने के लिए गांवों का रुख कर रहे हैं... ये बंदर पानी पीने की कोशिश में डूब गए।"

Paschim

## गंगोत्री-केदारनाथ चारधाम रूट खराब मौसम से होगी टेंशन! बारिश को लेकर अलर्ट

**देहरादून, (एजेंसी)** गंगोत्री-केदारनाथ समेत चारों धामों पर जाने वाले भक्तों के लिए जरूरी खबर है। मौसम को लेकर बारिश पर अपडेट सामने आया है। ऐसे में चारधाम यात्रा रूट पर खराब मौसम की वजह से तीर्थ यात्रियों को टेंशन हो सकती है।

मौसम पूर्वानुमान में पांच जिलों में बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। मौसम विभाग की ओर से अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम पूर्वानुमान में अलर्ट जारी होने के बाद तीर्थ यात्रियों से अपील है कि चारधाम यात्रा पर जाने से पहले मौसम से जुड़ी सभी जानकारी जुटा कर ही यात्रा पर जाएं।

आपको बता दें कि उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में भूस्खलन या सड़क पर बड़े-बड़े बोल्डर गिरने की वजह से यातायात ठप हो जाता है। सड़क बंद होने की स्थिति पर दोनों ओर गाड़ियों की भारी लंबी-लंबी लाइनें लग जाती हैं। हालांकि, प्रशासन की ओर से चारधाम यात्रा रूट पर जेसीबी को तैनात किया गया है।

इसके अलावा, बीआरओ, पीडब्ल्यूडी, एसडीआरएफ सहित पुलिस फोर्स भी चौबीसो घंटे अलर्ट मोड पर है।

विदित हो कि 10 मई से शुरू चारधाम यात्रा में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। राजस्थान, एमपी, यूपी समेत अन्य राज्यों से श्रद्धालु भारी संख्या में दर्शन करने को पहुंच रहे हैं। चारों धामों में से सबसे ज्यादा केदारनाथ धाम में भक्तों ने दर्शन किए हैं। चारधाम यात्रा रूट पर तीर्थ यात्रियों की भारी भीड़ की वजह से जाम भी लग रहा है। हालांकि, प्रशासन की ओर से अतिरिक्त पुलिस फोर्स को तैनात कर ट्रैफिक को सुचारू किया जा रहा है। मौसम निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि सोमवार को राज्य के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ जिलों में कहीं कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं इन जिलों में 40 किमी प्रतिघंटा रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने का येलो अलर्ट भी दिया गया है।

खेल

# नॉर्त्जे की घातक गेंदबाजी के आगे श्रीलंका ने घुटने टेके, 77 रन पर सिमटी, द. अफ्रीका छह विकेट से जीता

**न्यूयॉर्क, (एजेंसी)** टी20 विश्व कप 2024 के चौथे मैच में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को छह विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंकाई टीम 19.1 ओवर में 77 रन पर सिमट गई थी। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 16.2 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। श्रीलंका की ओर से सबसे ज्यादा रन कुसल मेंडिस ने बनाए। उन्होंने 19 रन बनाए, जबकि एंजलो मैथ्यूज 16 रन बना सके। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 16.2 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

श्रीलंका की टीम 19.1 ओवर में 77 रन पर सिमट गई। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय और टी20 विश्व कप में उनका सबसे कम स्कोर है। टी20 अंतरराष्ट्रीय में इससे पहले श्रीलंका का सबसे कम स्कोर 82 रन का था, जो उन्होंने 2016 में विशाखापत्तनम में भारत के खिलाफ बनाया था। वहीं, टी20 विश्व कप में





श्रीलंका का सबसे कम स्कोर 87 रन का है। श्रीलंकाई टीम 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिजटाउन में 16.2 ओवर में 87 रन पर सिमट गई थी। हालांकि, तब यह स्कोर श्रीलंका ने दूसरी पारी में बनाए थे। वहीं, पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका का सबसे कम स्कोर 101 रन का है, जो उन्होंने 2007 में केपटाउन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही बनाए थे। 77 रन टी20 विश्व कप के इस संस्करण में अब तक का सबसे कम टोटल भी है। श्रीलंका के आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। इनमें से चार बल्लेबाज खाता नहीं खोल पाए।

**श्रीलंका की पारी-** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही थी। पाथुम निसांका तीन रन बनाकर आउट हुए थे। इसके बाद तो पूरी बैटिंग लाइन अप लुढ़क गई। एनरिक नॉर्त्जे ने कहर बरपाते हुए कुसल मेंडिस (19), कामिंदु मेंडिस (11), चरिथ असलंका (6) और एंजलो मैथ्यूज (16) को पवेलियन भेजा। नॉर्त्जे ने चार ओवर में सात रन खर्च किए और चार विकेट लिए। कगिसो रबाडा और केशव महाराज ने दो-दो विकेट लिए। महाराज ने दोनों विकेट एक ही ओवर में निकाले। उन्होंने कप्तान वानिंदु हसरंगा (0) और सदीरा समरविक्रमा (0) को आउट किया। दासुन शनाका (9) और मथीशा पथिराना (0) को रबाडा ने पवेलियन भेजा। वहीं, नुवान तुषारा (0) रन आउट हुए। ओटनील बार्टमैन को एक विकेट मिला। नॉर्त्जे का यह स्पेल टी20 विश्व कप में किसी भी दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ स्पेल है। उन्होंने अपना ही दो साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। टी20 विश्व कप 2022 में उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ सिडनी में 10 रन देकर चार विकेट लिए थे। नॉर्त्जे ने अब तक टी20 विश्व कप में 11 मैचों में 24 विकेट लिए हैं। यह टी20 विश्व कप में पहले 11 मैचों के बाद किसी गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक विकेट हैं।

सिनेमा

## जो लोग पीठ पीछे पॉलिटिक्स करते हैं वो डरपोक होते हैं, 'पंचायत 3' के विधायक ने पंकज त्रिपाठी पर साधा निशाना



'पंचायत 3' में विधायक का रोल निभाने वाले एक्टर पंकज झा का काम भी काफी पसंद किया जा रहा है. पंकज का निभाया ये किरदार कहानी में एक अनोखे अंदाज वाला विलेन है, जिसके साथ खुद कॉमेडी भरी ट्रेजेडी हो गई है. शो के मुख्य किरदारों में नजर आ रहे एक्टर्स रघुबीर यादव, नीना गुप्ता, जितेंद्र कुमार और फैजल मलिक के साथ-साथ पंकज झा का काम भी सराहा जा रहा है. अब पंकज ने 2012 में आई फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' को लेकर डायरेक्टर अनुराग कश्यप और एक्टर पंकज त्रिपाठी पर निशाना साधा है. रिपोर्ट्स बताती हैं कि पंकज झा को 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में सुल्तान कुरैशी का किरदार ऑफर किया गया था. पंकज के साथ 'ब्लैक फ्राइडे' और 'गुलाल' में काम कर चुके अनुराग कश्यप ने उन्हें वो किरदार ऑफर किया था, जो बाद में पंकज त्रिपाठी ने निभाया. पंकज ने एक नए इंटरव्यू में कहा कि कुछ एक्टर, 'दूसरे एक्टर की चप्पल चुराने' के अपने स्ट्रगल को ग्लैमराइज करना एन्जॉय करते हैं. ये उस घटना की तरफ इशारा है जब पंकज त्रिपाठी ने, पटना में शूट करने आए मनोज बाजपेयी की चप्पल अपने पास रख ली थी. त्रिपाठी ने खुद भी ये किस्सा कई बार सुनाया है. पंकज झा ने उन लोगों की आलोचना की जो पीठ पीछे पॉलिटिक्स करते हैं.

# Lenskart raises $200 million from Temasek and Fidelity: What we know




**NEW DELHI, (Agency).** Indian eyewear retailer Lenskart has raised $200 million from Singapore state investment firm Temasek and Fidelity Management and Research Company, according to Avendus Capital, the financial advisor of the deal.

While Avendus did not mention additional financial details in its statement on Monday, news website TechCrunch said that the deal valued SoftBank-backed Lenskart at $5 billion.

Lenskart and Fidelity did not immediately respond to a Reuters request for comment on the financial terms of the transaction, while Temasek confirmed the news but declined to comment further.

The eyewear retailer - which also counts Abu Dhabi Investment Authority as one of its investors - operates across India, Southeast Asia, and the Middle East through its website and more than 2,500 stores. Including the current deal, Lenskart has secured nearly $1 billion in capital over the past 18 months, Avendus said.

## Highlights

1. Key to room holding EVMs lost in TN, lock broken to start vote counting
2. How did BJP win 1 seat before Lok Sabha polls counting began?
3. 'Youth tied kafan on their heads,' says Akhilesh Yadav before counting begins; sparks row
4. Trends show BJP-led NDA crossing majority mark
5. Southwest monsoon advances into Karnataka and coastal regions

# Election result day disaster: Why are stock markets in freefall

**NEW DELHI, (Agency).** Stock Market Crash: Sensex fell 2,700 points today dragged by heavyweights Reliance Industries and financial stocks as investors adopted a risk-averse stance ahead of the announcement of Lok Sabha election results. As of 9:20 am, the BSE Sensex was trading 2,800 points, or 3.66%, lower at 73,669.28.



Nifty50 was down 809 points, or 3.6%, trading at 22,409 while volatility gauge India VIX also spiked 20% to 25 levels. Market capitalisation of all listed companies on BSE declined by ₹8.78 lakh crore to ₹417.13 lakh crore.

From Sensex, Reliance Industries and HDFC Bank contributed to a 565-point decline in the index. Other stock dragging the index downwards were L&T, SBI, ITC, NTPC, and Power Grid.

This comes after exit polls that projected a big win for PM Modi led markets to all-time highs on Monday. Early leads so far showed Bharatiya Janata Party-led NDA alliance pulling ahead in more than 290 seats.

The top losers on Nifty today included Adani Ports, Adani Enterprises, L&T, ONGC and Coal India.

All sectors are in red except pharma & healthcare indices, with oil & gas and PSU banks losing the most today.

# नाबालिग से दुष्कृत्य कर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाले को 20 साल की जेल

## पीड़िता को एक लाख रुपए प्रतिकर राशि भी चुकाना होगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नाबालिग से दुष्कर्म कर उसे धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने वाले सौतेले पिता रामलाल(परिवर्तित नाम) को तेरहवें अपर सत्र न्यायाधीश सुरेखा मिश्रा ने धारा 376 (3), धारा 5 (एल)/6, 5(एन)/6, 5 (जी)/6 पॉक्सो एक्ट में 20-20 वर्ष, धारा 506 (भाग दो) में 7 वर्ष, धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट में 5-5 वर्ष की सजा सुनाई तथा 59,000 रुपए अर्थदंड किया। प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक सुशीला राठौर द्वारा की। कोर्ट ने पीड़िता को 1,00,000 रुपए प्रतिकर के रूप में दिलाने के भी आदेश दिए।**

अभियोजन के अनुसार, बालिका की दादी ने थाना आजाद नगर में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह गृह कार्य करती है। उसके बेटे-बहू वर्ष 2008 में अलग हो गए थे। 8 दिसम्बर2022 को पीड़िता अकेले घर आई और उसे बताया कि उसे मम्मी के पास अच्छा नहीं लग रहा है। जब पीड़िता से पूछा कि इतनी उदास क्यों रहती है, तो उसने बताया कि 6 दिसम्बर को वह घर में अकेली थी, उसकी मम्मी नानी के यहां गई थी। छोटी बहन बाहर खेल रही थी, तब आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। पीड़िता के बयान, डॉक्टरों की रिपोर्ट और पुलिस द्वारा पेश किए चालान में साक्ष्यों के बयान के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को जेल भेजने के आदेश दिए।

# लोडिंग रिक्शा चुराने वाला और खरीदार देवास से पकड़ाया

## चंदन नगर पुलिस ने चार घंटे में किया पर्दाफाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लोडिंग रिक्शा और सेंटरिंग का सामान चुराने-खरीदने वालों का चंदन नगर पुलिस ने चार घंटे में पर्दाफाश कर दिया। दो युवकों को पुलिस ने देवास से गिरफ्तार किया है। सहायक पुलिस आयुक्त नंदिनी शर्मा के अनुसार, फरियादी अकरम निवासी प्रजापत नगर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने अपनी टाटा एस लोडिंग गाड़ी चंदन नगर चौराहा पर एक जून की रात 10 बजे खड़ी की थी। रिक्शा में सेंटरिंग का सामान तराफे और बल्लियां भरी हुई थी। दूसरे दिन जब वह सुबह 11 बजे चंदन नगर चौराहा पहुंचा तो टाटा एस गाड़ी वहां नहीं मिली। काफी देर तक इधर उधर ढूंढा। परेशान होकर उसने पुलिस को शिकायत की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी विजय पिता कामतासिंह चौहान निवासी जयभवानी नगर को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने लोडिंग रिक्शा और उसमें रखा सामान अपने रिश्तेदार शेखर पिता हुकमचंद पटेल निवासी ग्राम अमोना देवास को बेच दिया था। पुलिस ने देवास के अमोना गांव से शेखर को भी गिरफ्तार कर लिया है।

# 70 जवानों के साथ पेडलरों को पकड़ा

## महिलाओं के नाम भी सामने आए, होगी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पुलिस द्वारा शुरू किए गए आपरेशन स्वीप्ट कील के तहत द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में 70 जवानों की टीम ने पेडलरों को पकड़ा। इस दौरान क्षेत्र के रहवासियों ने कुछ महिला पेडलरों के नाम भी बताए, उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है। सहायक पुलिस आयुक्त नंदिनी शर्मा ने बताया कि द्वारका पुरी थाना क्षेत्र में दिग्विजय मल्टी है। यहां निचले तबके के लोग बड़ी संख्या में निवास करते हैं। अधिकांश लोग ड्रग्स खरीदने-बेचते हैं। पेडलरों को पकडऩे पुलिस उपायुक्त ऋषिकेश मीणा के निर्देशन में टीम बनाई थी। टीम में तीन थानों के 70 जवान, 8 टीआई और एसीपी शामिल थे। टीम के साथ दो जेल वाहन, 8 शासकीय वाहन भी थे। पुलिस ने पेडलरों पर कार्रवाई के दौरान दो ड्रोन कैमरों का उपयोग किया ताकि उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। पुलिस ने यहां से अरविंद पिता मयाराम निहाले को 1. 200 किलो गांजा, गणेश पिता सीताराम धोबी निवासी प्रजापत नगर से एक किलो 150 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा। इस दौरान एक दर्जन से अधिक पेडलरों पर प्रतिबंधित कार्रवाई भी की गई। कार्रवाई के दौरान दिग्विजय मल्टी के रहवासियों ने संगीता जाटव, अनिता जाटव, मीना भंगोरे द्वारा नशा बेचना बताया। पुलिस ने हेमप्रकाश, आशीष भावलकर, दीपक मानकर, जयेश मसाने पर भी कार्रवाई की। बता दें, एक जनवरी से अब तक 20.28 ग्राम ब्राउन शुगर(कीमत डेढ़ लाख रुपए) तथा 74.55 किलो गांजा(कीमत 7 लाख 44 हजार 500 रुपए) का जब्त किया जा चुका है।

# पिस्टल लेकर घुमने वाले को दो साल की सजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बड़ी वारदात की नीयत से पिस्टल लेकर घुम रहे बदमाश सन्नी नाचन को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट बिंदिया पाठक ने 2 वर्ष की सजा और 500 रुपये अर्थदण्ड किया। अभियोजन के अनुसार 17 नवबंर 2022 को सदर बाजार थाने के आरक्षक भ्रमण के दौरान रामबाग पहुंचे थे, जहां रामबाग मुक्तिधाम के पास सुनसान गली में पिस्टल लेकर घुम रहे सन्नी को पकड़ा। मामले में आरोपी को 25 आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर पुलिस ने चालान कोर्ट में पेश किया था। इसमें साक्ष्यों को विश्वनीय मानते हुए आरोपी को सजा सुनाई गई।

# बालिका से दुष्कृत्य करने वाले को उम्रकैद

**इंदौर**। नाबालिग लडक़ी से दुष्कर्म करने के मामले में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सविता जडिय़ा ने आरोपी सन्नी जतैरिया को धारा 376 (2) (एन) में आजीवन कारावास, 328 में 10 वर्ष, धारा 342, 323, धारा 66-ड आई.टी. एक्ट में 1-1 वर्ष की सजा सुनाते हुए 52,500 रुपए अर्थदण्ड दिया। 15 जून 2022 को पीड़िता की माता ने हीरानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 जून की शाम 7 बजे उसकी बेटी बिना बताए चली गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने उसे16 जून को ढूंढ निकाला था। पुलिस को पीड़िता ने बताया कि अभियुक्त सन्नी ने नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ गलत काम किया।

# सफाईकर्मी ने की छेड़छाड़

## युवती के घर में घुसा, कपड़े फाड़े, लोगों ने पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कनाडिय़ा में सफाईकर्मी ने एक युवती के साथ छेड़छाड़ कर दी। वह यहां पर अपने दीदी ओर जीजा के साथ रहती थी। जब दोनो काम से बाहर निकले तब आरोपी घर में घुस गया ओर युवती के साथ हरकत कर दी। लोगो ने उसे पकड़ा ओर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।**

कनाडिय़ा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 30 साल की युवती की शिकायत पर विजय पुत्र विनोद चावरे निवासी गोकुल नगर के खिलाफ जबदस्ती घर में घुसने ओर छेड़छाड़ करने के मामले में केस दर्ज किया गया है। युवती ने बताया कि उसके जीजा ओर जीजी सुबह 9 बजे सब्जी बेचने के लिये गए थे। करीब 11:30 बजे घर के काम कर रही थी। तो कॉलोनी से कचरा इक_ा करने वाला विजय उनके घर की तरफ आया। तब दरवाजे पर खड़े होकर उससे पूछा तो उसने कहां की पानी की प्यास लगी है एक ग्लास पानी दे दो। युवती जब घर के अंदर गई तो विजय पीछे से आया ओर घर का दरवाजा अंदर से लगा दिया। इसके बाद पीछे से बुरी नजर से पकड़ लिया। युवती ने शोर मचाया तो विजय ने मुंह दबा दिया। इस दौरान उसने कपड़े खीचना शुरू कर दिया। जिसमें कपड़े फट गए। बाद में विजय ने नीचे गिरा दिया। जिसमें जैसे तैसे बचकर बाहर की तरफ दरवाजा खोलकर भागी तो मोहल्ले के लोग इकट्?ठा हो गए। उन्होंने विजय को पकड़ लिया। तब वहां पड़ोस में रहने वाली युवती भी पहुंची। उसने बताया कि विजय पहले भी इस तरह की हरकते कर चुका है। इसके बाद जीजा जीजी भी आ गए। बाद में पुलिस को बुलाकर विजय को पुलिस के सुपुर्द किया गया।

### यहां भी महिला से छेड़छाड़

रावजी बाजार पुलिस के मुताबिक एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने दुर्गेश डागर के खिलाफ पीछाकर छेड़छाड़ करने के मामले में केस दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि हाथीपाला की तरफ से पैदल जा रही थी। तब दुर्गेश पीछे से आया ओर रास्तो रोकने लगा। महिला ने उसे जाने के लिये कहां तो आरोपी नही गया ओर फिर से पीछे आने लगा। इसके बाद महिला ने रूककर उसका विरोध किया तब आरोपी ने उसे धमकाया ओर वहां से चले गया। बाद में पीड़िता थाने पहुंची ओर केस दर्ज कराया।



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth
विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ
लीजिये डिटेक्टिव की मदद
+91-91110 50101
www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक